बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

विज्ञप्ति संख्या – पी.आर. 388 / 2023

इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2024 में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों का Dummy Admit Card समिति की वेबसाईट पर अपलोड रहने एवं दिनांक 11.11.2023 तक की अवधि में ऑनलाईन त्रुटि सुधार करने / कराने के संबंध में आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा राज्य के +2 स्तर के सभी मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थानों के प्रधान, इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2024 में सम्मिलित होने वाले सभी विद्यार्थी, उनके अभिभावक, सभी जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (माध्यमिक शिक्षा) एवं सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी को सूचित किया जाता है कि **इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2024 में सम्मिलित होने हेतु ऑनलाईन भरे गये सूचीकरण एवं परीक्षा आवेदन के आधार पर विद्यार्थियों का Dummy Admit Card समिति की वेबसाईट seniorsecondary.biharboardonline.com पर** अपलोड किया गया है, जो **दिनांक 11.11.2023 तक त्रुटि सुधार हेतु उपलब्ध रहेगा।**

2. +2 विद्यालय / महाविद्यालय के प्रधान अपने यूजर आई0डी0 एवं पासवर्ड से समिति के उक्त वेबसाईट पर लॉग–इन करने के बाद अपलोडेड Dummy Admit Card डाउनलोड कर उसे अविलम्ब अपने शिक्षण संस्थान के सभी विद्यार्थियों को अनिवार्य रूप से हस्तगत करा देंगे एवं Dummy Admit Card में अंकित सभी विवरणों का मिलान करने तथा Dummy Admit Card में यदि कोई त्रुटि परिलक्षित हो, तो निर्धारित तिथि तक विद्यार्थियों को त्रुटि का सुधार करा लेने हेतु अनिवार्य रूप से निदेशित करेंगे।

3. यह विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2024 में सम्मिलित होने वाले सभी विद्यार्थियों के रजिस्टर्ड मोबाईल नंबर एवं ई० मेल आई०डी० पर Dummy Admit Card जारी करने एवं त्रुटि सुधार हेतु Message/e-mail भेजा जा रहा है, ताकि विद्यार्थी स्वयं भी अपना Dummy Admit Card समिति के उक्त वेबसाईट से डाउनलोड कर सकें और उसमें कोई त्रुटि हो तो अपने शिक्षण संस्थान के प्रधान के माध्यम से सुधार करा सकें। **किसी भी परिस्थिति में विद्यार्थी, उनके माता / पिता के नाम में पूर्ण परिवर्तन नहीं किया जाएगा।**

4. समिति के उक्त वेबसाईट पर जारी Dummy Admit Card शिक्षण संस्थान के प्रधान द्वारा निम्नांकित प्रक्रिया के तहत डाउनलोड किया जा सकता है :–

➢ **+2 विद्यालय / महाविद्यालय के प्रधान द्वारा Dummy Admit Card डाउनलोड करने की प्रक्रिया :–**

संबंधित शिक्षण संस्थान के प्रधान अपने पूर्व से प्राप्त यूजर आई0डी एवं पासवर्ड का प्रयोग करते हुए समिति की वेबसाईट **seniorsecondary.biharboardonline.com** पर Click **कर Login करेंगे। इसके उपरांत** Dummy Admit Card Option **पर Click करेंगे। तत्पश्चात् संकायवार** अपने +2 विद्यालय / महाविद्यालय के विद्यार्थियों का Dummy Admit Card डाउनलोड कर सकते हैं।

➢ **विद्यार्थी द्वारा Dummy Admit Card डाउनलोड करने की प्रक्रिया :–**

सभी विद्यार्थी अपने सूचीकरण संख्या एवं जन्म तिथि का प्रयोग करते हुए समिति की वेबसाईट **http://ssonline.biharboardonline.com/studentDummyadmitcard.aspx** पर Click करने के बाद अपना सूचीकरण संख्या एवं जन्म तिथि अंकित कर Dummy Admit Card डाउनलोड कर सकते हैं।

5. इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2024 में सम्मिलित होने वाले सभी विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि अपने शिक्षण संस्थान के प्रधान से अविलम्ब सम्पर्क कर अपना Dummy Admit Card प्राप्त कर उसमें अंकित सभी विवरणों का भली–भाँति मिलान करेंगे। Dummy Admit Card में यदि किसी विद्यार्थी एवं माता / पिता के नाम के स्पेलिंग में त्रुटि हो, आधार नम्बर, कोटि, लिंग, विषय, वैवाहिक स्थिति, जन्म तिथि, फोटो या हस्ताक्षर आदि में कोई त्रुटि हो, तो वैसे विद्यार्थी अपने Dummy Admit Card में त्रुटि का सुधार कर अपने हस्ताक्षर के साथ उसकी एक प्रति अपने शिक्षण संस्थान के प्रधान को ऑनलाईन त्रुटि सुधार करने हेतु उपलब्ध करा देंगे और उसकी दूसरी प्रति शिक्षण संस्थान के प्रधान का हस्ताक्षर एवं मुहर प्राप्त कर अपने पास सुरक्षित रख लेंगे। **विद्यार्थी द्वारा जमा किये गये संशोधित एवं हस्ताक्षरित Dummy Admit Card के आधार पर संबंधित शिक्षण संस्थान के प्रधान ऐसे विद्यार्थियों की विवरणी में ऑनलाईन त्रुटि सुधार दिनांक 11.11.2023 तक की निर्धारित अवधि में अनिवार्य रूप से करना सुनिश्चित करेंगे, ताकि संबंधित विद्यार्थी के निर्गत होने वाले मूल प्रवेश पत्र में किसी प्रकार की त्रुटि न रह जाय।** उक्त अवसर प्रदान किये जाने के बाद भी यदि किसी विद्यार्थी द्वारा निर्धारित अवधि तक त्रुटि के सुधार हेतु शिक्षण संस्थान के प्रधान को Dummy Admit Card उपलब्ध नहीं कराया जाता है अथवा शिक्षण संस्थान के प्रधान द्वारा ऑनलाईन त्रुटि सुधार नहीं किया जाता है तो इसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व संस्थान के प्रधान तथा संबंधित विद्यार्थी एवं उनके अभिभावक की होगी। **किसी भी परिस्थिति में विद्यार्थी, उनके माता / पिता के नाम में पूर्ण परिवर्तन नहीं किया जाएगा। ऐसा पाये जाने पर संबंधित विद्यार्थी का अभ्यर्थित्व रद्द करते हुए संस्थान के प्रधान के विरूद्ध कठोर अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी।**

6. Dummy Admit Card ऑनलाईन डाउनलोड करने एवं उसमे त्रुटि संशोधन करने के क्रम में किसी प्रकार की असुविधा होने पर **समिति के हेल्पलाईन नम्बर–0612–2230039** अथवा **E-mail ID: reg.bsebhelpdesk@gmail.com** पर सूचित कर समाधान प्राप्त किया जा सकता है।

परीक्षा नियंत्रक (उ0मा0)